पंजाब केसरी 21/08/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में जल बचाओ विषय पर हुई पीयर टीचिंग गतिविधि

अम्बाला, 20 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग ने जल बचाओ विषय पर अपैक्स एस.डी.जी. गोल चैम्पियन के अंतर्गत पीयर टीचिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. रोहित दत्त के संरक्षण में किया गया।

अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. रोहित दत्त ने जल संरक्षण और इसके सतत उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा यह बताया कि किस प्रकार व्यक्तिगत प्रयास सामूहिक रूप से सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस गतिविधि में 136 छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। छात्रों ने आपसी शिक्षण सत्रों के माध्यम से विचारों का आदान-प्रदान किया, नवीन समाधान साझा किए और स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण के वैश्विक महत्व को समझा।



*जी.एम.एन. कॉलेज में जल बचाओ विषय पर आयोजित गतिविधि में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)*

अंतरक्रियात्मक सत्र अत्यंत रोचक रहा और छात्रों ने जल बचत के उपाय अपनाने की दृढ़ प्रतिबद्धता एवं उत्साह प्रदर्शित किया।

इस पहल ने न केवल जागरूकता बढ़ाई, बल्कि छात्रों को पर्यावरणीय स्थिरता में जिम्मेदार भागीदार बनने के लिए सशक्त भी किया। समाजशास्त्र विभाग ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और यह दोहराया कि वह संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों में योगदान देने वाली ऐसी प्रभावी गतिविधियों का आयोजन जारी रखेगा।